मधु पाटनी का किया सम्मान

अजमेर (कासं)। 76 वे गणतंत्र दिवस समारोह के अवसर पर आयोजित अजमेर के एक मात्र जिला स्तरीय कार्यक्रम में श्री दिगंबर जैन महिला महासमिति की राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष एवं अजमेर संभाग की अध्यक्ष मधु पाटनी द्वारा श्रेष्ठ सामाजिक कार्यों को क्रियान्वित करने के लिए विशेषकर 122 विधवा एवं असहाय महिलाओं की पुत्रियों के विवाह में सहयोग करने एवं जरूरतमंदो की आवश्यकताओं की पूर्ति जैसे उत्कृष्ट कार्य करने के उपलक्ष में जिला स्तर पर सम्मानित किए जाने पर श्री दिगंबर जैन महासमिति अजमेर की ओर से मंगलवार को उनके निवास स्थान पर सम्मान किया गया

श्री दिगंबर जैन महासमिति के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य एवं अजमेर संभाग के महामंत्री कमल गंगवाल ने बताया कि इस अवसर पर मधु पाटनी को तिलक लगाकर, शाल ओढ़ाकर एवं पुष्प गुच्छ भेंट करके शुभ कामनाएं प्रेषित की गई एवं उनके कार्यों की अनुमोदना की गई।

इस अवसर पर समाजसेवी समिति संरक्षक राकेश पालीवाल, कोषाध्यक्ष श्रेयांश टनी, उपाध्यक्ष ताराचंद सेठी, व्यवस्थापक मंत्री मनीष पाटनी, विजय पांड्या, महावीर इंटरनेशनल के संरक्षक अशोक छाजेड़, राजकुमार, रेनू पाटनी, सुषमा पाटनी आदि मौजूद रही

अजमेर नगर निगम का 4 अरब 29 करोड़ का बजट पास

अजमेर, (कासं)। नगर निगम ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए कुल 428.99 करोड़ रुपये का प्रस्तावित बजट साधारण सभा में मंगलवार को पेश किया गया। गांधी भवन के सभागार में आयोजित साधारण सभा लंबी बहस के बाद 4 अरब 29 करोड़ का वार्षिक बजट पारित हुआ। बैठक की अध्यक्षता महापौर ब्रजलता हाड़ा ने की।

नगर निगम की साधारण सभा में वर्ष 2025-26 के प्रस्तावित बजट में राजस्व आय का प्रावधान 372.53 करोड़ रुपए रखा गया है, जो पिछले वर्ष के 349.52 करोड़ रुपये से अधिक है। राजस्व व्यय में भी वृद्धि की गई है, 342.23 करोड़ रुपये के साथ यह बजट नागरिक सेवाओं और शहरी विकास के लिए निर्धारित किया गया है। पूंजीगत मद में पूंजीगत आय 79.46 करोड़ रुपये और पूंजीगत व्यय 222.42 करोड़ रुपये रखा गया है। यह राशि शहरी ढांचे के विकास, जल आपूर्ति, सीवरेज और स्मार्ट सिटी परियोजनाओं पर खर्च की जाएगी।

अजमेर नगर निगम बैठक महापौर ब्रजलता हाड़ा की अध्यक्षता में हुई।

बजट का अधिकांश हिस्सा बुनियादी ढांचे को मजबूती देने और नागरिकों की जीवन गुणवत्ता में सुधार करने पर केंद्रित है। कुल 428.99 करोड़ रुपये के बजट में 56.46 करोड़ रुपये शेष राशि के रूप में रखे गए हैं।

शहर के विकास के लिए निगम का बजट आवश्यक : साधारण सभा में कांग्रेस और भाजपा के पार्षदों ने बजट सहित अन्य मुद्दों को लेकर अधिकारियों पर सवाल खड़े किए, जिस पर आयुक्त देशलदान ने पार्षदों के सभी सवालों के जवाब दिए और संबंधित अधिकारियों ने भी बजट को लेकर चर्चा के दौरान उठाए गए सवालों के जवाब सदन में रखे। भाजपा के वरिष्ठ पार्षद रमेश सोनी, अजय वर्मा ने बजट के मदों को लेकर दिखाई गई आय के काल्पनिक आंकड़ों को लेकर सदन में बात रखी। उनका कहना रहा कि शहर के विकास के लिए निगम का बजट आवश्यक है, इसलिए हमें ऐसे स्रोत्र अर्जित करने होंगे जिससे निगम की आय बढ़े ताकि शहर के हर हिस्से में विकास कार्य हो सके। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में निगम का दायर बढ़ेगा तथा वार्डों की संख्या 80 से बढ़ कर सौ तक पहुंच सकती है। इसलिए हमें अभी से आय को बढ़ाने की और सोचना होगा।

यूजरचार्ज को लेकर व्यापारियों के प्रदर्शन पर कांग्रेस ने उठाए सवाल : नगर निगम में कांग्रेस की नेता प्रतिपक्ष द्रौपदी कोली, पार्षद नौरत गुर्जर, नरेश सत्यावना, श्याम प्रजापति आदि ने यूजर चार्ज को लेकर व्यापारियों द्वारा किए जा रहे आंदोलन का प्रमुख मुद्दा साधारण सभा के समक्ष उठाया। उन्होंने कहा कि अधिकारियों की मनमर्जी द्वारा वसूले जा रहे यूजर चार्ज को लेकर शहर के व्यापारी और आमजन प्रतिदिन आक्रोशित होकर आंदोलन कर रहे हैं। शहर के सभी प्रमुख बाजारों में दुकानें बंद रखकर विरोध जताया जा रहा है। यदि सही प्रकार से कार्य कर टैक्स को लेकर भ्रांति समाप्त की जाती तो व्यापारी आंदोलनरत नहीं होते। उन्होंने कहा कि यूजर चार्ज को लेकर स्थिति स्पष्ट होनी चाहिए। निगम को अन्य स्रोत से आय प्राप्त कर आमजन पर भार नहीं डालना चाहिए। पार्षद नौरत गुर्जर और अन्य ने बताया कि पिछली बैठक में पार्षदों के 50.50 लाख के विकास कार्यों पर सहमति बनी थी। लेकिन सालभर से विकास कार्य अटके हैं।

पिछले वर्ष की तुलना में 16 करोड़ अधिक का बजट : बजट बैठक में विभिन्न मदों में 4 अरब 28 करोड़ से अधिक के बजट प्रस्तावित हुआ। यह पिछले बजट की तुलना में करीब 16 करोड़ रुपए अधिक है। पार्षदों ने इस पर भी आपत्ति जताते हुए कहा कि बजट के आंकड़े बढ़ाचढ़ा कर बताए जाते हैं, लेकिन हकीकत में इन आंकड़ों को हासिल करने में प्रशासनिक अमला नाकाम हो जाता है। हमें ऐसे आंकड़े तैयार करने चाहिए जिससे निगम की वास्तविक आय हो।

हेमंत सिंह हरनावा सम्मानित

मदनगंज-किशनगढ़, (निस)। अजमेर में आयोजित जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में उत्कृष्ट सेवा के लिये युवा समाजसेवी हेमंत सिंह राठौड़ हरनावा को ईमानदारी के लिये सम्मानित कर स्मृति चिन्ह भेंट किया। इस अवसर पर जल संसाधन मंत्री सुरेश रावत, संभागीय आयुक्त किशनसहाय मीणा, कलेक्टर लोकबंधु, पुलिस महानिरीक्षक ओमप्रकाश, पुलिस अधीक्षक वंदिता राणा ने समाजसेवी हेमंत सिंह राठौड़ को 25 लाख रूपये लौटाकर ईमानदारी की मिशाल कायम करने पर सम्मानित किया। दरअसल किसी बैंक खातेदार ने गलती से इनके बैंक खाते में 25 लाख रूपये ट्रांसफर कर दिये।

कार्यालय अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

मूल आवंटी / अन्तरिति के मूल दस्तावेज गुम हो जाने पर फ्री होल्ड पट्टा जारी करने के क्रम में आम सूचना का प्रारूप

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि अजमेर विकास प्राधिकरण अजमेर की हरिभाउ उपाध्याय नगर विस्तार योजना में भूखण्ड संख्या 206 श्री सुनील अरोडा पुत्र चाँद करण अरोडा को आवंटित किया गया। जिसका पट्टा क्रमांक 6809 दिनांक 22/04/2002 को जारी किया गया। मूल आवंटी द्वारा उक्त भूखण्ड का बेचान जरिये पंजीकृत विक्रय पत्रो के आधार पर श्री बाबू लाल खदाव पुत्र श्री बक्शाराम जी खदाव को कर दिया है। श्री बाबू लाल खदाव पुत्र श्री बक्शाराम जी खदाव द्वारा शपथ पत्र व गुमशुदगी रिर्पोट प्रस्तुत कर अवगत कराया की मूल पट्टा/लिन्क दस्तावेज गुम हो गये है। अतः भूखण्ड संख्या 206 हरिभाउ उपाध्याय नगर विस्तार योजना का फ्री होल्ड पट्टा श्री बाबू लाल खदाय पुत्र श्री बक्शाराम जी खदाव के पक्ष में जारी किये जाने से किसी को कोई आपत्ति हो तो 7 दिवस के भितर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें उक्त नियत अवधि के पश्चात् आपत्ति स्वीकार नही होगी फ्री होल्ड का पट्टा जारी कर दिया जावेगा। योजना प्रभारी अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

कार्यालय नगर परिषद किशनगढ (अजमेर) राज.

क्रमांक: न.प.कि./PWC/2025/138 — आम सूचना — दिनांक: 28/01/2025

सर्व साधारण सूचित किया जाता है कि श्री कमल कुमार सैन पुत्र श्री शान्तिलाल सैन राजस्व ग्राम मदनगंज, खसरा संख्या .....के भूखण्ड सं. 136 क्षेत्रफल 175.00 वर्गगज 'शिवाजी नगर' मदनगंज किशनगढ जिला अजमेर राजस्थान पर आवासीय निर्माण स्वीकृति चाहने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त भूखण्ड की सीमाएं निम्नानुसार है-

पूर्व में : 26'3 - 30 चौड़ा रास्ता — पश्चिम में : 26'3 - जायदाद श्री रामनारायण जी माली की

उत्तर में : 60'0''- खाली भूखण्ड अन्य का दक्षिण में : 60'0''- बेची जा रही जायदाद का शेष भाग जो विक्रेता का है

अतः उक्त प्रकरण में किसी भी व्यक्ति / संस्था को आपत्ति / एतराज हो तो आपत्ति सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर नगर परिषद कार्यालय में लिखित में आपत्ति पेश करे बाद मियाद किसी प्रकार की आपत्ति स्वीकार योग्य नहीं होगी। -प्रभारी (भवन निर्माण स्वीकृति) नगर परिषद, किशनगढ़

कार्यालय नगर पालिका बिजयनगर जिला ब्यावर राज.

गांधी उद्यान-ब्यावर रोड, बिजयनगर

टैलीफोन नम्बर - 01462-230051 — ई-मेल:- npvijaynagar@gmail.com

क्रमांक/नपाबि./भूमि/2025/5247 — आपत्ति आमन्त्रित सूचना — दिनांक: 27/01/2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि निम्न वर्णित आवेदक ने 69-A के तहत पालिका को आवेदन प्रस्तुत किया है, जिन पर नियमानुसार कार्यवाही की जाकर पट्टे दिये जायेगे। अतः इन भूखण्डों के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो मय दस्तावेजो/ प्रमाण के 7 दिवस की अवधि में कार्यालय में लिखित रूप में प्रस्तुत कर देवें। समयावधि गुजर जाने के बाद कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

क्र.सं.	मकान मालिक का नाम	मौहल्ले का नाम	क्षेत्रफल
1.	पूज्य सिन्धी पंचायत संस्था बिजयनगर।	सिन्धी कॉलोनी	271.29 वर्गगज

अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका बिजयनगर

कार्यालय नगर पालिका बिजयनगर जिला ब्यावर राज.

गांधी उद्यान-ब्यावर रोड, बिजयनगर

टैलीफोन नम्बर - 01462-230051 — ई-मेल:- npvijaynagar@gmail.com

क्रमांक/नपाबि./भूमि/2025/5260 — आम सूचना — दिनांक: 28/1/25

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि निम्न वर्णित आवेदक ने कृषि भूमि पर बसी निम्न कोलोनियों में कृषि भूमि नियमन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है, जिन पर नियमानुसार कार्यवाही की जाकर पट्टे दिये जायेंगे। अतः इन भूखण्डों के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो मय दस्तावेजो/प्रमाण के 7 दिवस की अवधि में कार्यालय में लिखित रूप में प्रस्तुत कर देवें। समयावधि गुजर जाने के बाद कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

क्र. सं.	पत्रावली नं.	आवेदक का नाम	योजना/ग्राम का नाम	खसरा सं.	भू.सं.	क्षेत्र
1.	49	शोदान उर्फ सोदान माली पुत्र शंकरलाल माली	हरक्युलिस कॉलोनी बरल द्वितीय	892/2, 893	10	150.00 वर्गगज

अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका बिजयनगर

कार्यालय नगर पालिका बिजयनगर जिला ब्यावर राज.

गांधी उद्यान-ब्यावर रोड, बिजयनगर

टैलीफोन नम्बर - 01462-230051 — ई-मेल:- npvijaynagar@gmail.com

क्रमांक/नपाबि./भूमि/2025/5256 — आम सूचना — दिनांक: 28/1/25

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि निम्न वर्णित आवेदक ने कृषि भूमि पर बसी निम्न कोलोनियों में कृषि भूमि नियमन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है, जिन पर नियमानुसार कार्यवाही की जाकर पट्टे दिये जायेंगे। अतः इन भूखण्डों के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो मय दस्तावेजो/प्रमाण के 7 दिवस की अवधि में कार्यालय में लिखित रूप में प्रस्तुत कर देवें। समयावधि गुजर जाने के बाद कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

क्र. सं.	पत्रावली नं.	आवेदक का नाम	योजना/ग्राम का नाम	खसरा सं.	भू.सं.	क्षेत्र
1.	53	स्वरूप कंवर/ किशन सिंह	चौसला,	4485/4060	-	53.77 वर्गगज

अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका बिजयनगर

साप्ताहिक समीक्षा बैठक हुई

डीडवाना । मंगलवार को जिला कलक्टर पुखराज सेन की अध्यक्षता में जिला कलेक्ट्रेट सभागार में साप्ताहिक बैठक आयोजित हुई इस समीक्षा बैठक में जिला कलक्टर पुखराज सेन ने जिले में पेयजल आपूर्ति, जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना, जिले में चिकित्सा व्यवस्था के तहत संस्थागत प्रसव, टीकाकरण, आयुष्मान कार्ड, अपनी आंगनवाडी अभियान सहित विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को गांवों में रात्रि चौपाल लगा कर पेयजल से संबंधित समस्याओं का निस्तारण करने के निर्देश दिये। उन्होंने सामाजिक सुरक्षा के तहत पेंशन व पालनहार योजना का सत्यापन कार्य शीघ्र पूरा करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया बैठक में जिला कलक्टर पुखराज सेन ने सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना एवं प्रधानमंत्री आवास योजना के लक्ष्यों की प्रगति की समीक्षा कर निर्धारित प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सम्पर्क पोर्टल पर लंबित प्रकरणों के संबंध में कहा कि लंबित प्रकरणों का निस्तारण कर आमजन की समस्याओं का त्वरित निवारण किया जाएइस दौरान बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर महेंद्र कुमार मीणा ने विभागवार सम्पर्क पोर्टल पर लंबित प्रकरणों की समीक्षा कर निस्तारित करने के निर्देश दिए।

दक्षिण क्षेत्र में विकास कार्यों में नहीं आने दी जाए कोई कमी : विधायक भदेल

- पानी की किल्लत से मिलेगी निजात, प्रेशर के साथ मिलेगा पानी

अजमेर, (कासं)। अजमेर दक्षिण विधायक अनीता भदेल ने मंगलवार को अलवरगेट के गुर्जर धरती, रामगंज क्षेत्र के मीणा कॉलोनी, चाणक्य चौक, तानाजी नगर में लाखों की लागत से डाली जाने वाली नई पाइप लाइन का शिलान्यास किया। इस पाइप लाइन के माध्यम से क्षेत्र में लंबे समय से चल रही पानी के प्रेशर की समस्या का समाधान होगा।

गुर्जर धरती क्षेत्र में पानी की कम प्रेशर की समस्या के चलते स्थानीय निवासियों को लंबे समय से परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। स्थानीय लोगों की शिकायतों को दूर करते हुए विधायक भदेल ने जलदाय विभाग को इस समस्या के समाधान के लिए निर्देश दिए, उन्होंने 6 इंच की पुरानी पाइप लाइन के स्थान पर 8 इंच की नई पाइप लाइन डालने का आदेश दिया। जलदाय विभाग ने विधायक के निर्देशों के बाद पाइप लाइन डालने का काम शुरू कर दिया है।

यह नई पाइप लाइन 8 लाख रुपए की लागत से बनाई जा रही है और क्षेत्र के घनी आबादी वाले हिस्सों में 20 गलियों को कवर करेगी। अधिकारियों ने बताया कि नई पाइप लाइन के लगने से क्षेत्र में पानी का प्रेशर बढ़ेगा और नियमित जल आपूर्ति सुनिश्चित होगी। विधायक अनीता भदेल ने शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि क्षेत्र के लोगों की समस्याओं का समाधान करना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि पानी की समस्या को जड़ से खत्म करने के प्रयास किए गए है और भविष्य में भी जनता की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए विकास कार्य किए जाएंगे।

LSG/BEAWAR/MUT/2024-25/117767 DATE :-21-01-2025 तकत प्रकाश पत्र

कार्यालय नगर परिषद, ब्यावर

क्रमांक/नगरीय विकास कर/2024-25/11309 — दिनांक: 27-01-2025

सार्वजनिक सूचना

श्रीमती सुगनी बाई पत्नी स्व श्री भंवर सिंह, श्रीमती रेखा अशोक सिंह पुत्र/पुत्री स्व.श्री भंवर सिंह व श्रीमती रामी बाई पत्नी स्व बाबूसिंह, श्री भगवानसिंह, छितरसिंह, ओमसिंह, लता कंवर संतोष रीना पिसरान स्व. बाबूसिंह निवासी ब्यावर निवासी तेजा चौक ब्यावर ने क्षेत्र नं. 6 जमालपुरा गली नं. 3 मकान नं. 37 का दक्षिणी भाग क्षेत्रफल 75.00 वर्गगज, जो कि नगर परिषद ब्यावर के नगरीय विकास कर रिकॉर्ड में श्री बाबूसिंह व भैरूसिंह पुत्र स्व नारायण सिंह के नाम दर्ज है। सजरा प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र व स्वयं घोषणा शपथ पत्र प्रस्तुत कर नगरीय विकास कर अनुभाग (गृहकर) पंजिका में नाम अन्तरण के लिए आवेदन किया है। अतः इस नाम परिवर्तन के संबंध में किसी व्यक्ति या किसी संस्था को कोई आपत्ति हो तो मय प्रमाणित दस्तावेज सात दिवस में आपत्ति प्रस्तुत करें। बाद मियाद कोई भी आपत्ति विचारणीय नहीं होगी। आयुक्त, नगर परिषद, ब्यावर

उत्तर पश्चिम रेलवे

निविदा सूचना

उप मुख्य सामग्री प्रबंधक, ऊ.प.रे., अजमेर, भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से ई-निविदा सं. 42246001 दिनांक 17.01.2025 को, जिसकी बंद होने की तारीख 18.02.2025 को 14.25 बजे तक रहेगी, आमंत्रित कर रहे हैं निविदाकार निविदा बंद होने की तारीख एवं समय तक ही अपनी मूल/संशोधित निविदा प्रस्तुत कर पाएंगे, मैनुअल (ई-निविदा के अलावा) प्रस्ताव इस निविदा के विरुद्ध मान्य नहीं होंगे, इस तरह के मैनुअल प्रस्तावों पर ध्यान नहीं दिया जायेगा. 1. आपूर्ति का विवरण: SWITCH BOARD CABINET FOR LHB AC POWER CAR 2X500 KVA DA SET AS PER DRG/SPEC.NO. EDTS 103, REV-D, AM - 7, COR- 1&2 WITH MCF/RBL ANNEXURE-1&2, WITH HOG COMPLIANT INTEGRATED TYPE, WITH 125A/1000V HRC FUSES INSTEAD OF 80A/1000V. PACKING INSTRUCTION - PI115; 2. मात्रा: 02+02=04 नग; 3. निविदा प्रस्तुत करने की दिनांक एवं समय: ई-निविदा को 18/02/2025 को 14:25 बजे तक प्रस्तुत किया जा सकता है। 4. वेबसाइट विवरण: www.ireps.gov.in 118-AN/25

हमें /NWRailways पर फॉलो करें

कचरा संग्रहण शुल्क वापसी की मांग

अजमेर, (कासं)। नगर निगम द्वारा व्यापारियों से वसूले जा रहे कचरा संग्रहण शुल्क (यूजर चार्ज) के खिलाफ मंगलवार को आगरा गेट व्यापारिक एसोसिएशन ने बाजार बंद रखकर निगम प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन किया। यहां उल्लेखनीय है कि यूजर चार्ज को लेकर व्यापारियों का विरोध प्रदर्शन लगातार जारी है।

आगरा गेट व्यापारिक एसोसिएशन के अध्यक्ष सुरेश तम्बोली, उपाध्यक्ष नितेश अग्रवाल, महासचिव राजेंद्र पोखरना, कोषाध्यक्ष श्यामसुंदर सोनी और अन्य व्यापारियों ने बाजार बंद कर नगर निगम के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शन के दौरान पूर्व पार्षद भागचंद दौलतानी ने कहा कि नगर निगम द्वारा कचरा संग्रहण शुल्क वसूलना अन्यायपूर्ण और भेदभावपूर्ण है। व्यापारियों ने मांग की कि जब तक इस शुल्क की नीति को न्यायोचित नहीं बनाया जाता, तब तक इसकी वसूली पर रोक लगाई जाए। तम्बोली ने बताया कि राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, स्वायत्त शासन मंत्री, संभागीय आयुक्त महेश चंद्र शर्मा, कलेक्टर लोक बंधु, नगर निगम आयुक्त देसल दान चारण, महापौर ब्रजलता हाड़ा, उप महापौर नीरज जैन और स्वास्थ्य अधिकारी दिलीप भम्भानी से मांग की गई है कि समस्त नागरिकों पर समान नीति लागू होने तक इस शुल्क की वसूली न की जाए।

सात दिवसीय नेल आर्ट वर्कशॉप का समापन

ब्यावर (निसं) श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति द्वारा संचालित वर्द्धमान इंस्टिट्यूट ऑफ़ फैशन डिजाइनिंग एवं मेकअप आर्टिस्ट विभाग में सात दिवसीय नेल आर्ट वर्कशॉप का समापन कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें नेल आर्ट प्रशिक्षिका प्रियंका मंगरोला ने छात्राओं को नेल आर्ट से जुड़ी विभिन्न प्रकार की तकनीक, नेल डिजाइनिंग, शेप्स, प्रोडक्ट्स, ड्राई मैनीक्योर, टिप एक्सटेंशन, नेल केयर, ऑब्रे आर्ट, स्पाइडर आर्ट, फ्रेंच नेल आर्ट, ग्लिटर आर्ट, फ्लावर आर्ट आदि के बारे में विस्तार से सिखाया गया ।वर्कशॉप के समापन में अकादमिक प्रभारी डॉ. नीलम लोढ़ा ने भाग लेने वाली सभी छात्राओं को प्रमाण पत्र वितरीत किये ।महाविद्यालय प्राचार्य आर.सी.लोढ़ा एवं श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति के मंत्री डॉ. नरेन्द्र पारख ने सभी छात्राओं का उत्साहवर्द्धन करते हुए।

कार्यालय ग्राम पंचायत मेडिया पंचायत समिति जवाजा ब्यावर

क्रमांक- ग्रा.प.मे./2024-25/257 — दिनांक 28-01-2025

निविदा सूचना

ग्राम पंचायत मेडिया के अधिनस्थ ग्राम मकरेडा मे सार्वजनिक हथाई के सामने हाईमास्क लाईट स्थापना कार्य के लिए निविदाए आमंत्रित कि जाती है।

क्र. सं.	कार्य का नाम	अनु. लागत (लाखों में)	निविदा फॉर्म बेचने की प्रारम्भ तिथि अंतिम तिथि समय	निविदा जमा की अंतिम तिथि एवं समय	निविदा को खोलने की तिथि एवं समय	धरोहर राशि	निविदा शुल्क
1	ग्राम मकरेडा मे सार्वजनिक हथाई के सामने हाईमास्क लाईट स्थापना कार्य	05.00	29.01.2025 से 05.02.2025 को प्रातः 11.00 बजे तक	05.02.2025 को प्रातः 11.00 बजे	06.02.2025 को प्रातः 2.00 बजे	10000/-	500/-

नोट- 1. निविदा दिनांक 06.02.2025 को 2.00 बजे ग्राम पंचायत क्रय समिति द्वारा समिति कार्यालय में खोली जायेगी। विस्तृत सूचना पंचायत समिति कार्यालय के http://sppp-rajasthan-gov-in पोर्टल पर देखी जा सकती है एंव निविदा फार्म कार्यालय समय में ग्राम पंचायत से प्राप्त किये जा सकते है ।

2. धरोहर राशि का डी०डी०/बैंकर्स चौंक के रूप में निर्धारित समयावधि तक ग्राम पंचायत मेडिया में भौतिक रूप से जमा करवाना अनिवार्य है।

शर्ते-सीमित निविदा फार्म के साथ समस्त शर्ते सलंग्न है जो की मान्य होगी।

(प्रशासक) ग्राम पंचायत मेडिया पं.स. जवाजा (ब्यावर) — (ग्राम विकास अधिकारी) ग्राम पंचायत मेडिया पं.स. जवाजा (ब्यावर)

कांग्रेस के पक्ष में चुनाव प्रचार

अजमेर, (कासं)।राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य एवं अजमेर उत्तर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के प्रत्याशी रहे महेंद्र सिंह रलावता ने आज दिल्ली विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के पक्ष में व्यापक जनसंपर्क कर चुनाव प्रचार किया । कांग्रेसी नेता रलावता ने राजस्थान दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं बादली विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के प्रत्याशी देवेंद्र यादव के समर्थन में आज भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव एवं राजस्थान के पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट द्वारा निकाली गई, पदयात्रा रैली में व्यापक जनसंपर्क किया। पदयात्रा रैली में राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी आई टी सेल के अध्यक्ष सुमित भगासरा, मुकेश सिंह राठौड़, भरत सिंह राणा, सुनील गुर्जर आदि ने दिल्ली विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के समर्थन में व्यापक चुनाव प्रचार किया।

9 लाख के विकास कार्यों का शुभारंभ

पानी की पाइप लाइन डालने के कार्य का पूजा अर्चना कर शुभारंभ करती विधायक भदेल।

अजमेर । दक्षिण विधायक अनिता भदेल ने नगर निगम के वार्ड संख्या 27 और 45 में 19 लाख रुपए की लागत से डाली जाने वाली नई पानी की पाइपलाइन के कार्य का शिलान्यास सहित कई विकास कार्यों का शुभारंभ किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को विधायक भदेल ने संबोधित करते हुए कहा कि वार्ड संख्या 27 के रामगंज स्थित मीणा कॉलोनी के पीछे 350 मीटर लंबी 150 एमएम की 11 लाख रुपए और वार्ड नंबर 45 के चाणक्य चौक, तानाजी नगर में 8 लाख रुपए की लागत से पानी की पाइपलाइन बिछाई जाएगी। क्षेत्रवासियों ने गर्मियों में पानी का प्रेशर कम होने की समस्या बताई थी। इसको ध्यान में रखते हुए दोनों क्षेत्रों में नई पाइपलाइन डालने का निर्णय लिया गया है।

कंजर बस्ती में शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान विधायक भदेल ने विधायक कोष से 20 लाख रुपए की लागत से सामुदायिक भवन निर्माण की घोषणा की। बाबा रामदेव मंदिर के पास सामुदायिक भवन बनने से लोगों को सुविधा मिलेगी। आदर्श मंडल के पूर्व अध्यक्ष रविन्द्र सिंह जादोन, वार्ड 27 की पार्षद गीता जांगिड, आदर्श मंडल अध्यक्ष हितेश ढाबरिया, रोशन कंजर, मनोहर, सुरेन्द्र, संदीप ने स्वागत किया। राकेश कुमार, निरंजन चित्तोडिया, विजय शर्मा, संतोष शर्मा ने कार्यक्रम का संचालन किया।

कार्यालय ग्राम पंचायत मेडिया पंचायत समिति जवाजा ब्यावर

क्रमांक- ग्रा.प.मे./2024-25/252 — दिनांक 28-01-2025

निविदा सूचना

ग्राम पंचायत मेडिया के अधिनस्थ ग्राम शम्भुपुरा मे माताजी के थान के सामने हाईमास्क लाईट स्थापना कार्य के लिए निविदाए आमंत्रित कि जाती है।

क्र. सं.	कार्य का नाम	अनु. लागत (लाखों में)	निविदा फॉर्म बेचने की प्रारम्भ तिथि अंतिम तिथि समय	निविदा जमा की अंतिम तिथि एवं समय	निविदा को खोलने की तिथि एवं समय	धरोहर राशि	निविदा शुल्क
1	ग्राम शम्भुपुरा में माताजी के थान के सामने हाईमास्क लाईट स्थापना कार्य	05.00	29.01.2025 से 05.02.2025 को प्रातः 11.00 बजे तक	05.02.2025 को प्रातः 11.00 बजे	06.02.2025 को प्रातः 2.00 बजे	10000/-	500/-

नोट- 1. निविदा दिनांक 06.02.2025 को 2.00 बजे ग्राम पंचायत क्रय समिति द्वारा समिति कार्यालय में खोली जायेगी। विस्तृत सूचना पंचायत समिति कार्यालय के http://sppp-rajasthan-gov-in पोर्टल पर देखी जा सकती है एंव निविदा फार्म कार्यालय समय में ग्राम पंचायत से प्राप्त किये जा सकते है ।

2. धरोहर राशि का डी०डी०/बैंकर्स चौंक के रूप में निर्धारित समयावधि तक ग्राम पंचायत मेडिया में भौतिक रूप से जमा करवाना अनिवार्य है।

शर्ते-सीमित निविदा फार्म के साथ समस्त शर्ते सलंग्न है जो की मान्य होगी।

(प्रशासक) ग्राम पंचायत मेडिया पं.स. जवाजा (ब्यावर) — (ग्राम विकास अधिकारी) ग्राम पंचायत मेडिया पं.स. जवाजा (ब्यावर)

कार्यालय ग्राम पंचायत मेडिया पंचायत समिति जवाजा ब्यावर

क्रमांक- ग्रा.प.मे./2024-25/247 — दिनांक 28-01-2025

निविदा सूचना

ग्राम पंचायत मेडिया के अधिनस्थ ग्राम मेडिया मे सामुदायिक भवन के सामने हाईमास्क लाईट स्थापना कार्य के लिए निविदाए आमंत्रित कि जाती है।

क्र. सं.	कार्य का नाम	अनु. लागत (लाखों में)	निविदा फॉर्म बेचने की प्रारम्भ तिथि अंतिम तिथि समय	निविदा जमा की अंतिम तिथि एवं समय	निविदा को खोलने की तिथि एवं समय	धरोहर राशि	निविदा शुल्क
1	ग्राम मेडिया मे सामुदायिक भवन के सामने हाईमास्क लाईट स्थापना कार्य	05.00	29.01.2025 से 05.02.2025 को प्रातः 11.00 बजे तक	05.02.2025 को प्रातः 11.00 बजे	06.02.2025 को प्रातः 2.00 बजे	10000/-	500/-

नोट- 1. निविदा दिनांक 06.02.2025 को 2.00 बजे ग्राम पंचायत क्रय समिति द्वारा समिति कार्यालय में खोली जायेगी। विस्तृत सूचना पंचायत समिति कार्यालय के http://sppp-rajasthan-gov-in पोर्टल पर देखी जा सकती है एंव निविदा फार्म कार्यालय समय में ग्राम पंचायत से प्राप्त किये जा सकते है ।

2. धरोहर राशि का डी०डी०/बैंकर्स चौंक के रूप में निर्धारित समयावधि तक ग्राम पंचायत मेडिया में भौतिक रूप से जमा करवाना अनिवार्य है।

शर्ते-सीमित निविदा फार्म के साथ समस्त शर्ते सलंग्न है जो की मान्य होगी।

(प्रशासक) ग्राम पंचायत मेडिया पं.स. जवाजा (ब्यावर) — (ग्राम विकास अधिकारी) ग्राम पंचायत मेडिया पं.स. जवाजा (ब्यावर)

कार्यालय नगर परिषद, केकड़ी (राजस्थान)

Email ID – npkekri2011@gmail.com Ph:- (O) : 01467-220002, 220019 web site : www.urban.rajasthan.gov.in/ulbkekri

क्रमांक : न.प.के./2024-25/3693 — दिनांक : 24.01.2025

आपत्ति आमन्त्रण सूचना

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि परिषद क्षेत्र में निम्न आवेदको द्वारा नगर परिषद केकड़ी में आनॅलाईन हस्तानान्तरण, निमार्ण स्वीकृति व कृषि भूमि रूपान्तरण चाहने के संबंन्ध में आवेदन पत्र प्रस्तुत किये है। जिसमें किसी भी व्यक्ति/सज्जन/पड़ोसी को कोई आपत्ति हो, तो कार्यालय में 7 दिवस में लिखित में मय दस्तावेजों के प्रस्तुत करें अन्यथा बाद मियाद नियमानुसार कार्यवाही कर दी जावेगी। जिसमें किसी का कोई उजर मान्य नहीं होगा :-

क्र. सं.	आवेदक/पिता का नाम	आवेदित स्थल	नाप वर्गगज में	उत्तर	दक्षिण	पूर्व	पश्चिम
1	श्री राकेश कुमार पुत्र इन्दर मल जैन	नेहरू धर्मशाला के पीछे	144.66	जयपुर केकड़ी सीमेन्ट सडक	गली नगर परिषद केकड़ी	मकान श्री रामरतन मेवाडा	मकान श्री छोगा खटीक
2	श्री रमेश चन्द पुत्र किशन नुवाल	चन्दन नगर कॉलोनी दण्ड का रास्ता	116.66	भू.सं. 28	आम रास्ता	भू. सं. 34